# राजस्थान के वरिष्ठ आई.ए.एस. पति-पत्नी के बीच विवाद

## पति पर आवेश में आकर पत्नी से मारपीट कर पिस्टल तानने का आरोप

- दूसरी महिला के साथ मिलने, नशे में धमकाने, तलाक के लिए दबाव बनाने का आरोप
- आरोप है कि बेटी के जन्म के बाद से आक्रोशित हुए आशीष मोदी

**जयपुर** (कासं)। एसएमएस थाने में राजस्थान के सीनियर आईएएस पति-पत्नी में विवाद होने का मामला सामने आया है। इस विवाद के चलते वित्त विभाग के संयुक्त सचिव भारती दीक्षित (38) ने सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता के निदेशक पद पर कार्यरत पति आशीष मोदी के खिलाफ प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर गंभीरता से इसकी जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि भारती दीक्षित ने 7 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई थी पति आशीष मोदी शराब पीकर उसे धमकी देता है और अवैध संबंध और तलाक देने के लिए दबाव बनाता है। आरोप है कि आशीष मोदी ने बिहार चुनाव से लौटने पर दीक्षित के पिता को भी देख लेने की धमकी दी थी। बताया जा रहा है कि 2014 बैच की आईएएस भारती दीक्षित ने पुलिस को बताया कि आईएएस चयन के दौरान उनके पिता के कैंसर से पीड़ित होने पर इलाज चल रहा था। उस दौरान वो काफी परेशान थी। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए आशीष मोदी ने उन्हें शादी के लिए मजबूर किया। उनका चयन भी भारतीय प्रशासनिक सेवा (नगालैंड कैडर) में हुआ था। शादी के बाद पता चला कि आरोपी पति ने अपने बारे में जो भी बताया था, वो गलत था। नगालैंड कैडर में नहीं रहने के चलते उनसे शादी की थी, जिससे उन्हें राजस्थान कैडर मिल जाए।

आरोप है कि शादी के बाद कई दिनों बाद तक आशीष मोदी घर से गायब रहे थे। पूछने पर मारपीट कर धमकियां देना शुरू कर दिया। साल-2018 में आईवीएफ के जरिए बेटी का जन्म हुआ। लेकिन बेटी के जन्म के बाद आशीष आग बबूला हो गया और भारती के साथ मारपीट करते हुए उसका गला दबा कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। जिसके बाद पीड़िता काफी डर गई और बच्ची को लेकर अपने 6 माह तक अपने माता-पिता के पास रहीं।

आरोप है कि वर्ष -2020 आशीष मोदी की पोस्टिंग जैसलमेर हो गई थी। जहां पर किसी अन्य महिला के साथ भी उसे देखा गया था। जिसके बाद जैसलमेर और भीलवाड़ा के न्यूज पेपर में आईएएस पति के प्रेम प्रसंग छपने लगे। आरोपी पति ने 14 अक्टूबर को तलाक देने के लिए दबाव बनाया और धमकी दी। 15 अक्टूबर को आरोपी ने पिस्टल तान कर तलाक का दबाव बनाया। पुलिस ने पीड़िता के बयनों के आधार पर आरोपी पति आशीष मोदी के खिलाफ महिला प्रताड़ना का मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

# डीजीपी से मिले यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के प्रतिनिधि

**जयपुर** । यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर (यूके) के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के साथ मुलाकात की और एक उच्च स्तरीय संवाद के दौरान मानसिक स्वास्थ्य एवं वेल-बीइंग पर सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की ।

बैठक के दौरान पुलिस के साथ वर्ष 2021 में हुए एमओयु की समीक्षा के साथ इसके दायरे को विस्तृत करने और भविष्य में संयुक्त रूप से पहल शुरू करने पर चर्चा हुई। मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान डीजीपी शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मियों का मानसिक स्वास्थ्य सार्वजनिक सुरक्षा और सेवा गुणवत्ता से सीधा जुड़ा है, इसलिए यह हमारी शीर्ष प्राथमिकता में भी है। उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कहा कि यह संवाद राजस्थान पुलिस में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और वेल बीईंग से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई । इसके तहत पुलिसकर्मियों की विविध सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए डाइवर्सिटी और इन्क्लूज़न पर कार्य किया जाए वहीं ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले अधिकारियों में व्यवहारिक पहलू और भावनात्मक लचीलापन बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही नशा और पदार्थ दुरुपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने, पुनर्वास कार्यक्रमों की आवश्यकता, आत्महत्या और हिंसा के मामलों के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा की गई। संवाद दौरान मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने शोध, प्रशिक्षण मॉड्यूल, वर्कशॉप और काउंसलिंग ढांचे के माध्यम से राजस्थान पुलिस की आवश्यकताओं के अनुरूप सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष मिलकर एक विस्तारित एवं समग्र एमओयू तैयार करेंगे, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहारिक पुनर्वास, जेंडर व विविधता संवेदनशीलता और समावेशी प्रशिक्षण जैसे क्षेत्र शामिल होंगे। इससे पूर्व दोपहर में मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक दौरान पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) अनिल पालीवाल ने पूर्व में किए गए एमओयू और यूनिवर्सिटी की वर्तमान अपेक्षाओं पर विस्तार से बातचीत की।

# ग्राहक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



मालपुरा गेट पुलिस ने ग्राहक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** । मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खरीदारी करने आए ग्राहक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल पर ले जाने के दौरान मंगलवार सुबह दोनों बदमाशों का जुलूस निकाला। जिससे इलाके में चर्चा का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी सांगानेर) विनोद शर्मा ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खरीदारी करने आए ग्राहक पर चाकू से जानलेवा हमले के मामले में आरोपी अरमान (21)निवासी हाथरस (उत्तर प्रदेश) हाल वैष्णव नगर मालपुरा गेट और आशिब (32) निवासी हाथरस(उत्तर प्रदेश) हाल डिग्गी मालपुरा गेट को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार दोनों बदमाशों ने पुलिस से बचने के लिए अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए थे और जयपुर से भागने की फिराक में थे। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबिश देकर धर-दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है।

थानाधिकारी उदयभान यादव ने बताया कि हिण्डौन सिटी जिला करौली हाल गणेश नगर सांगानेर निवासी पप्पू महावर पर चाकू से हमला हुआ था। जो शनिवार शाम को जनाना हॉस्पिटल जा रहा था। इस दौरान वह डिग्गी मालपुरा रोड पर 11 नंबर मिनी बस स्टैंड के पास ठेले से केले खरीदने रुका। जहां मोल-भाव करने पर आरोपित दुकानदारों से कहासुनी के दौरान चाकू निकालकर पप्पू पर जानलेवा हमला कर दिया। चाकू के वार से दाहिने हाथ-गले के पास और सीने के पास चोट आई। लहूलुहान हालत में देखकर दोनों आरोपी दुकानदार फरार हो गए थे।

# एलिवेटेड पुलिया के नीचे अटका डंपर का पिछला हिस्सा

**जयपुर** । सोडाला इलाके में रोड से गुजर रहे डंपर का हाईड्रोलिक बटन दबने से डंपर का पिछला हिस्सा उपर उठ गया और एलिवेटेड पुलिया से भिड़ गया। अचानक हुए इस हादसे में डंपर का आगे वाला हिस्सा हवा में करीब 15 फीट ऊपर उठ गया। जिसके बाद डंपर चालक घबरा गया और 15 फीट ऊंचाई से छलांग लगाकर उसने अपनी जान बचाई। डंपर के आगे वाले हिस्से को 15 फीट हवा में लटका देख राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। कई लोगों ने अपने-अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाना शुरु कर दिया। सड़क दुर्घटना थाना पुलिस के कैलाश स्वामी ने समझाईश कर राहगीरों को मौके से हटाया और क्रेन की सहायता से डंपर को रोड से साईड में करवा कर यातायात सुचारु करवाया। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह सोडाला में यादव पेट्रोल पंप के पास नगर निगम का डम्पर कचरा लेकर पुरानी चुंगी से सोडाला की ओर जा रहा था। इसी दौरान तकनीकी खामी के चलते हाइड्रोलिक पम्प ने अपना काम करना शुरू कर दिया और डंपर का पिछला वाला हिस्सा ऊपर उठ गया और पुलिया के पिलर से टकरा गया।

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के 'लोगो' का अनावरण किया



डीजीपी राजीव शर्मा ने नारकोटिक्स टास्क फोर्स का लोगो लॉन्च किया।

**जयपुर** । राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को अब लोगो के रूप में अपनी अलग पहचान मिल गई है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में इस टास्क फोर्स के विशेष लोगो का विमोचन किया और जुड़े पुलिस अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डीजी (लॉ एंड आर्डर) संजय कुमार अग्रवाल, एडीजी (एटीएस) दिनेश एम.एन., टास्क फोर्स के आईजी श्री विकास कुमार, कुंवर राष्ट्रदीप, योगेश यादव, विकास शर्मा, दीपक अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। नया लोगो राजस्थान पुलिस की नारकोटिक्स विरोधी मुहिम को सशक्त और संगठित पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। डीजीपी शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स नशे की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने, अवैध तस्करी पर नियंत्रण और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए निरंतर अभियान चला रही है। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# "वन्देमातरम्" के जयघोष से गूंज उठा हाऊसिंग बोर्ड



आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने सभी कार्मिकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया।

**जयपुर**। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा, राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक और जन-जन के उत्साह के स्त्रोत राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय में विशेष कार्यक्रम 'वन्देमातरम150' एवं स्वदेशी संकल्प समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि 'वन्देमातरम' केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। यह गीत उस भावना का परिचायक है जिसने अंग्रेज़ी हुकूमत की जंजीरों को तोड़ने का साहस जन-जन में भरा और भारत को स्वतंत्रता के पथ पर अग्रसर किया। आज भी यह गीत हर भारतीय के हृदय में देशप्रेम और कर्तव्यबोध की ज्योति प्रज्वलित करता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक स्वावलंबन का मंत्र नहीं, बल्कि यह राष्ट्रगौरव का भाव है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और आत्मनिर्भरता के पथ पर ले जाता है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस अवसर पर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' का संगठित गायन किया। पूरे परिसर में देशभक्ति की तरंगें प्रतिध्वनित होती रहीं। इस अवसर पर सभी ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा स्थानीय उत्पादों के सम्मान का संकल्प लिया। आवास भवन का प्रत्येक कोना तिरंगे की आभा से ओतप्रोत दिखाई दिया।

# श्वसन रोग विशेषज्ञ 4 दिन जयपुर में

**जयपुर**। श्वसन संबंधी बीमारियों को लेकर विश्वभर के श्वसन रोग विशेषज्ञ चिकित्सक जयपुर में जुटेंगे। नैपकॉन 2025 का 27वां राष्ट्रीय श्वसन रोग सम्मेलन इंडियन चेस्ट सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित होगा। यह सम्मेलन 13 से 16 नवंबर 2025 तक बी. एम. बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में इंडियन चेस्ट सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ. नितिन जैन ने बताया कि इस वर्ष का विषय एरा ऑफ पल्मोनरी रिवोल्यूशन बैक टू पिंक है। विश्वभर में अस्थमा, सीओपीडी, क्षय रोग (टीबी), फेफड़ों का कैंसर, निमोनिया और इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आईएलडी) जैसी अनेक श्वसन संबंधी बीमारियां व्यापक रूप से पाई जाती हैं, जो शहरी एवं ग्रामीण दोनों जनसंख्या में आम हैं। श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन जैन ने बताया कि प्रदूषण आज एक सबसे बड़ी चुनौती है। जब बच्चे का जन्म होता है तो उसके फेफड़े पिंक कलर के होते हैं, लेकिन प्रदूषण के कारण धीरे-धीरे काले पड़ने लगते हैं। प्रदूषण के कारण मनुष्य की औसत आयु कम हो रही है, लेकिन आज मेडिकल क्षेत्र एडवांस हो गया है। आयोजन अध्यक्ष डॉ. के. के. शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीयअंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा पल्मोनरी मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, स्लीप मेडिसिन, फेफड़ों के संक्रमण, इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी विषयों पर सत्र होंगे।

# इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम में आभा आईडी का उपयोग अनिवार्य

- मुख्यमंत्री भजनलाल की पहल पर सुदृढ़ हो रहा प्रदेश का चिकित्सा तंत्र
- मोबाइल पर मिल सकेगा हैल्थ रिकॉर्ड, जिसमें हर नागरिक का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा
- प्रदेश में अब तक 6.35 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी है : गजेन्द्र सिंह खींवसर

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत एवं तकनीकी नवाचारों के माध्यम से सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसी दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में राज्य में प्रत्येक नागरिक को बेहतर, पारदर्शी और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम (आईएचएमएस) में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) के उपयोग को अनिवार्य कर दिया गया है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत रूप से सुगम एवं सुलभ बनाने की दिशा में राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन प्रारंभ किया गया था, जिसके तहत हर नागरिक की आभा आईडी बनाई जा रही है, ताकि हर व्यक्ति का हैल्थ रिकॉर्ड सुरक्षित रहे और उसे उपचार लेने में किसी तरह की परेशानी नहीं आए।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना (एमएनएनआरवाई) के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने वाले सभी नागरिकों का पंजीकरण अब आईएचएमएस में आभा आईडी के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक ओपीडी और आईपीडी पंजीकरण के समय मरीज की आभा आईडी बनाई और लिंक की जाए। इस निर्णय से हर नागरिक को "एक देश, एक स्वास्थ्य आईडी" के सिद्धांत के तहत गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव ने बताया कि आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) प्रत्येक नागरिक की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान संख्या है, जो उसके सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को एक ही स्थान पर सुरक्षित रखती है। इसके माध्यम से नागरिक अपने स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी को कभी भी, कहीं से भी देख सकते हैं और डॉक्टर से उपचार के समय अपनी सहमति से यह जानकारी साझा कर सकते हैं। इसके माध्यम से नागरिकों को डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड की सुविधा मिलेगी साथ ही मरीज अपने स्वास्थ्य विवरण मोबाइल ऐप या पोर्टल के माध्यम से तुरंत देख सकेंगे। किसी भी अस्पताल या डॉक्टर के पास जाने पर मरीज की जानकारी सुरक्षित और अधिकृत तरीके से साझा की जा सकेगी, जिससे इलाज की प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। पेपरलैस और पारदर्शी चिकित्सा व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। डॉ. अमित यादव ने बताया कि यदि किसी कारणवश डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण असफल हो जाता है, तो मरीज की आभा आईडी ओटीपी प्रक्रिया के माध्यम से बनाई जाएगी। साथ ही, अस्पतालों को 'स्कैन एंड शेयर' प्रणाली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, ताकि पंजीकरण की प्रक्रिया तेज और सहज हो सके। डॉ. यादव ने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रोगी के ओपीडी एवं आईपीडी पंजीकरण के समय 100 प्रतिशत आभा आईडी बनाएं। राज्य में अब तक 6.35 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी है। इस दृष्टि से राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है।

# जयपुर की सफाई व्यवस्था पर पूरा फोकस रखें : संभागीय आयुक्त



जयपुर नगर निगम की प्रशासक बनने के बाद संभागीय आयुक्त पूनम ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी और अन्य तमाम अधिकारी मौजूद थे।

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम जयपुर की नवनियुक्त प्रशासक और संभागीय आयुक्त पूनम ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने साफ कहा कि, जयपुर शहर में साफ-सफाई को लेकर कोई कोत्ताही नहीं बरतें। लोगों की जितनी भी शिकायतें आती हैं, उन पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

बैठक में आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने प्रशासक पूनम को निगम की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इस दौरान नगर निगम के दोनों अतिरिक्त आयुक्त, वित्तीय सलाहकार सहित सभी जोन उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

प्रशासक पूनम ने अधिकारियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि सभी अधिकारी पूरी ऊर्जा एवं आपसी समन्वय से काम करें जिससे आमजन में भी विश्वास कायम हो सके तथा धरातल पर कार्यों का क्रियान्वयन शीघ्रता से किया जा सके।

उन्होंने कहा कि कार्यों की दिन-प्रतिदिन मॉनिटरिंग भी की जायेगी। आगामी दिनों में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया, प्रवासी राजस्थानी दिवस के संबंध में सभी तैयारियाँ पूरी करने एवं अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले इन आयोजनों से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसलिए शहर के सौंदर्य को सँवारा जाना चाहिए तथा सभी पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई पर विशेष बल देकर कार्य किया जाए। सड़कों पर आश्रयहीन पशु न घूमें, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में जो भी साइन बोर्ड टूटे हुए हैं, उन्हें ठीक किया जाए। शहर को बदरंग करने वाले अवैध होर्डिंग-बैनर-पोस्टर को हटाया जाये।

## सार-समाचार

### शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. माथुर को अवार्ड



**जयपुर** । प्रदेश के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी इन्स्टीट्यूट फॉर मेडीकल सांइसेज एण्ड रिसर्च सेंटर के उप प्राचार्य एवं बाल शल्य चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. प्रवीण माथुर को तीन दशक की चिकित्सा सेवा के लिए डायमंड जुबली अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सोमवार को पुरी-उडीसा में इण्डियन एसोसिएशन ऑफ पेडियटिक सर्जन्स के सम्मेलन में डॉ. माथुर को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. प्रवीण माथुर का भारत में बाल शल्य चिकित्सा की विशिष्टताओं के विकास में अभूतपूर्व योगदान है। डॉ. माथुर की चिकित्सा क्षेत्र में सेवा भावना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### तन्मय की फिल्म का कोलकाता में प्रीमियर



**जयपुर** । जयपुर के फिल्म निर्माता तन्मय सिंह की स्वतंत्र फिल्म बुरा ना मानो होली है (अंग्रेजी शीर्षक: हैप्पी होली) को आधिकारिक तौर पर 6 से 13 नवंबर तक आयोजित होने वाले कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में वर्ल्ड प्रीमियर के लिए चुना गया है। फिल्म की कहानी एक ऐसी युवती के इर्द-गिर्द घूमती है जिसे रंगों के त्योहार होली का आनंद लेना पसंद नहीं, लेकिन एक वर्ष में वह अपने व्यक्तिगत परेशानियों के कारण खुद को इसमें उलझा हुआ पाती है। हिंदी सिनेमा में होली को आमतौर पर सिर्फ़ गीतों और नृत्य के पृष्ठभूमि के रूप में दिखाया जाता है, लेकिन इस फ़िल्म में होली के त्योहार को कहानी का मूल भाव और प्रतीकात्मक चरित्र बनाकर पेश किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस फिल्म को अमेरिका के न्यू जर्सी में 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले नासाउ फिल्म फेस्टिवल के लिए भी चुना गया है। इसके साथ ही यह फिल्म 14 नवंबर को थाईलैंड में बैंकॉक मूवी अवाड्र्स में बेस्ट पोस्टमोर्डन फिल्म श्रेणी में प्रतिस्पर्धा कर रही है।

### ओपीएस खत्म करने का विरोध शुरू

**जयपुर** । प्रदेश के बोर्ड, निगम, सार्वजनिक उपक्रम, स्वायत्तशाषी संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के सेवारत व सेवानिवृत्त कार्मिकों ने मंगलवार को "ओल्ड पेंशन स्कीम" के समर्थन में प्रदर्शन किया। कार्मिकों ने ओपीएस खत्म करने के राज्य सरकार के फैसले के विरोध में अपने हाथों पर काली पट्टियां बांधकर विरोध जताया। आगामी 18 नवंबर को कार्मिकों ने जयपुर में प्रदेशस्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ओपीएस बचाओ संयुक्त मंच की मांग है कि राज्य सरकार 9 अक्टूबर 2025 को जारी अपने आदेश को वापस ले, सभी संस्थान ओपीएस को जारी रखने की घोषणा करें। इसके साथ ही जिस किसी संस्थान में ओपीएस लागू नहीं है, वहाँ इसे लागू किया जाये।

### समाज में जैंडर संवेदनशीलता पर चर्चा



**जयपुर** । निदेशालय महिला अधिकारिता द्वारा राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के अन्तर्गत जेण्डर संवेदनशीलता विषय पर विकसित मॉड्यूल पर विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों तथा प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षकों के आमुखीकरण के लिए मंगलवार को कार्यशाला आयोजित हुई। यूनीसेफ के तकनीकी सहयोग एवं कालीबाई भील महिला एवं बाल विकास शोध संस्थान के माध्यम से विकसित इस मॉड्यूल पर आमुखीकरण हेतु कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षक और प्रतिनिधि सम्मिलित हुये। कार्यशाला में यूनीसेफ की सहयोगी संस्थान के द्वारा मॉड्यूल के अन्तर्गत सम्मिलित विभिन्न अध्यायों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। महिला अधिकारिता आयुक्त, नीतू राजेश्वर ने बताया गया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समाज में जेण्डर के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह मॉड्यूल एक ऐसे समाज की कल्पना करता है, जहाँ किसी भी प्रकार का कोई भी लैंगिक भेदभाव न रहे और हर व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वतंत्रता के साथ जीवन जीने में सक्षम हो,ताकि समाज जेण्डर समानता की ओर अग्रसर हो सके।

### डिश टीवी ग्रुप व अमेज़न प्राइम में साझेदारी

**जयपुर** । भारत के अग्रणी कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन समूह "डिश टीवी" ने अमेज़न प्राइम के साथ साझेदारी की है ताकि अपने ग्राहकों को प्राइम लाइट के लाभ प्रदान किए जा सकें। यह साझेदारी डिश टीवी ग्रुप के पूरे इकोसिस्टम - डीटीएच सेवाओं, वॉचो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म, स्मार्ट टीवी और विस्तृत आईएसपी पार्टनर नेटवर्क तक फैली हुई है। इसके तहत योग्य डिश ग्राहकों को एक ही डिवाइस पर, अपनी पसंद के अनुसार, एचडी क्वालिटी में प्राइम वीडियो के प्रीमियम मनोरंजन संग्रह-भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ओरिजिनल्स, ब्लॉकबस्टर फिल्मों और अन्य रोमांचक कंटेंट तक सहज पहुंच मिलेगी। मनोरंजन के साथ-साथ, प्राइम मेंबर्स को शॉपिंग से जुड़े लाभ भी मिलेंगे, जैसे कि योग्य ऑफ़र्स पर फ्री अनलिमिटेड सेम-डे/नेक्स्ट-डे डिलीवरी और प्राइम डे जैसे शॉपिंग इवेंट्स पर अर्ली एक्सेस।

### कोर्टेवा एग्रीसाइंस का डेलिगेट कीटनाशक

**जयपुर** । कोर्टेवा एग्रीसाइंस ने अपने डेलिगेट कीटनाशक में नए अपडेट की घोषणा की है, जो मक्का, कपास और मिर्च के किसानों के लिए एक भरोसेमंद समाधान के रूप में एकीकृत कीट प्रबंधन (आई.पी.एम.) में इसकी भूमिका को और मजबूत करता है। सिद्ध प्रभावशीलता, कीट-प्रतिरोध प्रबंधन और आर्थिक मूल्य के साथ, डेलिगेट भारतीय किसानों को अधिक उत्पादकता और सामर्थ्य प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। कई वर्षों से डेलिगेट किसानों का विश्वसनीय सहयोगी रहा है, जो मक्का में फॉल आर्मीवर्म (एफ.ए.डब्ल्यू.) और कपास व मिर्च में थ्रिप्स जैसे हानिकारक कीटों पर तेज़ और प्रभावी नियंत्रण के लिए जाना जाता है। यह रणनीतिक सुधार पारंपरिक कीट नियंत्रण से आगे बढ़कर, डेलिगेट की वैज्ञानिक विशेषताओं को रेखांकित करता है, जो फसल संरक्षण के लिए अधिक सक्रिय और टिकाऊ दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं।

### जयपुर में जल्द दिखेंगे हिमालयन बियर

**जयपुर** । राजधानी के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक नई खुशखबरी है। पार्क में जल्द ही हिमालयन ब्लैक बियर (काला भालू) का जोड़ा लाया जाएगा। यह जोड़ा जम्मू चिड़ियाघर से वन्यजीव एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जयपुर आ रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से तीन जरख, एक घड़ियाल और एक मगरमच्छ जम्मू चिड़ियाघर को भेजे जाएंगे। इस आदान-प्रदान का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देना और दोनों चिड़ियाघरों में जैव विविधता को मजबूत करना है। वन्यजीव चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद माथुर के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम मंगलवार सुबह जम्मू के लिए रवाना हुई। टीम में वनकर्मी गोपाल मीणा और सुरेंद्र भी शामिल हैं। टीम जम्मू चिड़ियाघर से ब्लैक बियर के जोड़े को लेकर नाहरगढ़ लौटेगी। डॉ. माथुर के अनुसार यह पहल वन विभाग के वन्यजीव संरक्षण और प्रजनन कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही है। इससे नाहरगढ़ पार्क में दुर्लभ प्रजातियों की संख्या में इजाफा होगा और पर्यटकों को एक नया आकर्षण भी मिलेगा। गौरतलब है कि नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क राजस्थान के सबसे बड़े वन्यजीव पार्कों में से एक है, जहाँ विभिन्न प्रजातियों के जानवर और पक्षी संरक्षित वातावरण में रखे गए हैं।